तत्पश्चात् महर्षि परशुराम कैलास पर्वत पर गये । जहाँ उन्होंने चिरकाल पर्यन्त तप किया । फलतः उन्होंने महादेव शंकर की भाँति आश्चर्यजनक एवं प्रभावपूर्ण प्रलयंकारी महाशक्ति प्राप्त कर ली ।

अदर्शि दूरेऽपि च दिव्यया दृशा
वधोऽवगन्त्रा न चिराय पैतृकः ।
दवीयसीं दृष्टिमुपेयुषाऽमुना
रामेण तीव्रं तप आचरिष्णुना ॥१६॥

सुदूरदृष्टि पाने के लिए प्रयत्नशील, महातप करते हुए, द्विजराज राम ने अतिदूरस्थ होते हुए भी तपोबल से प्राप्त दिव्यदृष्टि द्वारा अपने पिता श्री जमदग्नि के वध को शीघ्र ही जान लिया।

तदुग्ररूपं दधता मनस्विना
कुठारहस्तेन महातपस्विना ।
विरामता प्राप्यत रामसंज्ञिना
तदा तपस्तो भृगुवंशकेतुना ॥२०॥

तब उग्ररूपधारी, मनस्वी, महातपस्वी तथा भृगुवंश के आभूषण, परशुपूर्वक नाम वाले (राम भगवान् श्री परशुराम) तपस्या से विरत हो गये ।

न केवलं हैहयवंशजन्मनां
समग्रराजन्यविनाशनोद्यतः ।
विधृत्य पाणौ परशुं भयंकरं
निशातधारं स सुचिन्तयन् क्षणम् ॥२१॥

वह भार्गव भगवान् परशुराम केवल हैहयवंशियों को ही नहीं, अपितु उस सम्पूर्ण क्षत्रियवंश को जो धन बल के मद से मत्त हो गया था, परमविख्यात परशुनामक तीव्र धार वाले अपने शस्त्र को हाथ में धारण करके नष्ट करने में संलग्न हो गये ।

शूलीव संहारविधौ पटीयान्
राग: कुठारेण जघान भूपान् ।
दु:क्षत्रहीनं जगदाशु चक्रे
क्षत्रक्षयान्नो विरराम राम: ॥२२॥

त्रिशूलधारी प्रलयंकर भगवान् शंकर की भाँति संहार की प्रक्रिया में पटुतर भगवान् परशुराम ने फरसे से राजाओं का वध किया। चूंकि उस समय परशुराम क्षत्रियों के विनाशन कार्य से विरत नहीं हुए अत: उन्होंने सारा भूमण्डल क्षत्रियों की दुर्गति से परिपूर्ण कर दिया।

एवं महीपेन्द्र–जिघांसु–रामो
रूपं दधौ रोषकृशानुदीप्रम् ।
रौद्रीं महाशक्तिमवाप्य राम:
शम्भुर्यथा संहरणं वितेने ॥२३॥

इस प्रकार महामत्त राजाओं का वध करने के इच्छुक द्विजराज परशुराम ने प्रलयंकर शंकर सदृश रौद्ररूप धारण किया। क्योंकि उन्होंने उस समय रौद्री महाशक्ति प्राप्त कर उसी प्रकार क्षत्रियों का संहार किया जैसे शंकर प्रलयकाल में सृष्टि का संहार करते हैं।

लोकक्षये लग्न इवोग्ररूपो
नि:क्षत्रियां भूमिमहो ! चकार।
त्रि:सप्तकृत्व: सततं नृपाणां
लयं व्यधात्सोऽहित–सैन्यहन्ता ॥२४॥

लोक के विनाश में संलग्न शिववत् परशुराम ने धरणी को क्षत्रियहीन कर दिया। प्रलयंकर शिवमार्गगामी परशुराम ने राजाओं का संहार किया।

अन्ते महामुनिरयञ्च तपोनिमित्तं
गत्वा महेन्द्रमचलं निकषा तरस्वान् ।
तत्रावधानमनसा सुमतिं दधान-
स्तस्थौ समाधिनिलयः शिवतत्त्वनिष्ठः ॥२५॥

तत्पश्चात् तेजोराशि महर्षि परशुराम तप हेतु महेन्द्राचल पर जाकर ध्यानावस्था में मन तथा धारणावती बुद्धि को एकाग्र करते हुए शिवतत्व में निष्ठायुक्त होकर सुदृढ़ समाधिस्थ हो गये ।

सस्मार मारघमसौ सततं मुनीन्द्रः
शीतोष्णकष्टविततं सकलं स सोढ्वा ।
सातत्यशैवसुखदे भजने विलग्नो
रामो द्विजेन्द्रतनयः शिवरूपमापत् ॥२६॥

उन मुनीश्वर भगवान् परशुराम ने तपस्याकाल के अन्तर्गत शीतोष्ण दुःखद्वन्द्व को सतत सहन कर कामारि शिव का निरन्तर स्मरण किया । इस प्रकार शिव की सुखद भक्ति में संलग्न होकर द्विजराज जमदग्नि पुत्र परशुराम ने शिवत्व प्राप्त कर लिया ।

(इति शिवत्व-प्राप्तिनामांशः)

क्षत्रिय - विघातः

यदैकदाऽन्तःपुरयोषिदावृतः
स कार्तवीर्यस्तु ययावृचीकजम् ।
मुनिस्तमानर्च समग्रगोधनैः
प्रालोभयन् धेनुगुणाः नराधिपम् ॥२७॥

जब एक बार कार्तवीर्य अर्जुन अपनी रानियों सहित सदल-बल सजकर महर्षि ऋचीक के पुत्र जमदग्नि के आश्रम में पहुँचा ; तब महर्षि जमदग्नि ने सम्पूर्ण गोधनरूप अभीष्ट संसाधनों से राजा की यथोचित सेवा-सुश्रूषा किंवा आतिथ्य-सत्कार किया तो उस दिव्य गौ के विलक्षण गुणों से राजा लुभा गया ।

सकलगोधनमाहृतवान् नृपः
स तु महर्षिरगान्नहि वैकृतम् ।
गरलभीषणमेव भुजङ्गमा
ददति शैत्यमथो मलयद्रुमाः ॥२८॥

कार्तवीर्य अर्जुन ने जब ऋषिराज जमदग्नि का सम्पूर्ण गोधन अपहरण कर लिया तब संयम धनी महर्षि किंचन मात्र भी विकार को प्राप्त नहीं हुए (अपितु उनके ब्राह्मणोचित शमादि गुणों से राजा को सुख ही मिला) जैसाकि लोक में भी देखा जाता है—सर्प भयंकर विष ही उगलते हैं जब कि उनके आधारभूत चन्दन वृक्ष उन्हें शीतलता ही देते हैं ।

ऋषिसुतः श्रुतवान् कलहं यदा
निजपितुः सुखदा च वशंवदा ।
ससुतधेनुरनेन समाहृता
नृपभुजा ह्यपि तेन निकर्तिताः ।।२९।।

जब मुनिकुमार परशुराम ने अपने पिता के साथ राजा द्वारा किये गए अपकार को सुना तब तुरन्त मुनिकुमार ने बछड़े सहित गौ को वापिस लौटाकर अर्थात् छीनकर राजा की भुजायें काट डालीं ।

नृपसुतेन निशम्य भुजक्षयं
मुनिगृहं च निविश्य मुनिर्हतः ।
मुनिसुतेन ततो निहतो नृपः
परशुमात्रभृता भृगु – केतुना ।।३०।।

राजकुमार ने भी अपने पिता की भुजा काटने का समाचार सुनकर और मुनि जमदग्नि के घर में प्रवेश करके मुनि को मार दिया । परिणामतः मुनिकुमार भृगुवंशावतंस परशुराम ने केवल फरसा लेकर राजा को मार डाला ।

नृपकुलं निहतं न तु केवलं
विगतराजकुला विहिता धरा ।
जगति या प्रथिता मनुवर्णता
त्रिविधवर्णमयी ह्यमुना कृता ।।३१।।

श्री परशुराम भगवान् ने केवल उसी राजा के वंश को नष्ट नहीं किया अपितु सम्पूर्ण धरती को राजन्यवंश से रहित करना प्रारम्भ कर दिया । यहाँ तक कि मनुनिर्मित चातुर्वर्ण्यता को त्रैवर्णिकता (ब्राह्मणत्व, वैश्यत्व एवं शुद्रत्व) में परिवर्तित कर दिया ।

विधिविधानमतो विफलीकृतं
मनुविभक्तिरनेन विखण्डिता ।
यदपि वर्णचतुष्टयकं जगद्
विरचितं त्रिकवर्णमयं चिरम् ॥३२॥

विधि के विधान या मनु के चातुर्वर्ण्य (चार प्रकार के मुख्य जातीय विभाग) का ही परशुराम भगवान् ने खण्डन कर डाला। संसार को भले ही विधाता ने चार वर्णों का रचा था किन्तु परशुराम ने पृथ्वी पर त्रैत-वर्णता रच डाली।

परशुमात्रभृता भृगुकेतुना
कलिततीव्ररुषा परुषेण तत् ।
सकलवाहनभृत्यकबान्धवं
निखिलराजकदम्बकमाहतम् ॥३३॥

भृगुकुल के ध्वज, परशुराम ने ब्रह्म बल पर आश्रित होकर फरसे के ही सहारे राजन्यवंश के सेना सेवक सवारी तथा बन्धु बान्धवों सहित सम्पूर्ण राजसमूह को मार डाला।

प्रमुखता च पुरा विनिर्दशिता
गुरुवशिष्ठमहामुनिना यथा ।
द्विजबलं हि बलेषु महत्तमं
भृगुवरेण तथा तपसा कृतम् ॥३४॥

प्राचीनकाल में जैसे महामुनि वशिष्ठ ने ब्रह्मबल की प्रधानता को विश्वामित्रादि के समक्ष प्रदर्शित किया। उसी प्रकार भृगुवंश में श्रेष्ठ परशुराम ने तपोबल यह प्रकट कर दिया कि ब्रह्मबल ही सर्वश्रेष्ठ बल है।

अमरताऽधिगता च पुरा नरै-
जंगति यैर्निखिलैः किल सप्तभिः ।
भृगुपतिश्च तदन्यतमो महान्
प्रथितकीर्तिरसावमरस्ततः ॥३५॥

जिन सात चिरञ्जीवी महापुरुषों ने प्राचीनकाल में अमरता प्राप्त की थी । उनमें से भृगुपति प्रसिद्ध कीर्तिमान् भगवान् परशुराम चिरञ्जीवियों में श्रेष्ठ एवं अमर तभी से कहे जाते हैं ।

हत्वा नरेन्द्रान् भृगुनन्दनेन
रक्तौघधारेण सुपूरिता ये ।
पित्रे निवापाय च पञ्च संख्या
तेऽमी बभूवुः प्रथितास्तडागाः ॥३६॥

भृगुवंशी भगवान् परशुराम के द्वारा बड़े-बड़े मदमत्त क्षत्रिय राजाओं के समूह को मार-मार उनके रक्त प्रवाह की सघन धारा से जो तालाव पूर्णतः भर दिये गये थे, वे उनके पितरों के तर्पणार्थ संख्या में पाँच तालाब बनाये गए ।

ततो गतो राम ऋचीकवंश्यो
महेन्द्रनामाचलसिद्धिखण्डम् ।
प्राणान् समायम्य निजेन्द्रियाणि
समाधिमास्थाय तपोमयोऽभूत् ॥३७॥

महर्षि ऋचीक के पौत्र भगवान् परशुराम महेन्द्र नामक पर्वत के सिद्धिप्रद क्षेत्र में पहुँचे, जहाँ उन्होंने परम अभीष्ट देव महादेव की ध्यानमुद्रा परक समाधि लगाकर अत्यन्त कठोर तप किया ।

शरीर – वाणी – हृदयैर्महर्षिस्
तपो नु तेपे भृगुवंशकेतुः ।
वातातपाम्भोजविपत्सहिष्णुर्–
आराध्य शम्भुं स जगाम सिद्धिम् ॥३८॥

भृगुवंश के ध्वजरूप महर्षि भगवान् परशुराम ने शारीरिक वाचिक और मानसिक त्रिविध तप किया । परिणामतः अनेक प्राणायामों द्वारा अन्तःकरण की नितान्त पवित्रता के कारण उन्होंने शिवजी की नित्य आराधना करके शैवसिद्धि को प्राप्त कर लिया ।

नासाग्रभागे स निधाय दृष्टिं
तदावधानं मनसा चकार ।
कुठारधारी त्रिपुरारि – भक्तौ
तल्लीनतामेव गतः समग्राम् ॥३९॥

महातपोनिष्ठ श्री परशुराम ने नासिका के अग्रभाग पर अपनी स्थिर दृष्टि लगाकर मनोयोग से शंकर जी का ध्यान किया । इस प्रकार ब्राह्मणों के स्वामी भगवान् परशुराम शिवभक्ति में सम्पूर्णतः तल्लीन हो गए ।

(इति क्षत्रिय–विघातनामांशः)

o—o—o

श्री परशुरामस्य पितृभक्तिः

भृगुवरो निज – तात – परायणः
सुसुतता ह्यमुनाधिगता यथा ।
भवितुमर्हति कुत्र तदर्जिता,
त्रिभुवने भविता न तथाऽभवत् ।।४०।।

भृगुवंश में श्रेष्ठ भगवान् परशुराम पितृसेवा में विशेषतः तत्पर रहा करते थे। इसी कारण तीनों लोकों में उन्होंने जैसी सुपुत्रता प्राप्त की वैसी न तो आगे होगी और न पहिले हुई ।

विधियुता विहिता मुनिनाऽर्चना,
सकललोकशरीरभृतां गुरोः ।
परशुधृग्गुरुणा जमदग्निना,
सततयोगपरेण मनीषिणा ।।४१।।

निरन्तर योग में स्थित रहने वाले महामनीषी परशुराम के पिता महर्षि जमदग्नि के द्वारा सम्पूर्ण जगत् के प्राणिमात्र के गुरु सदा शिवशंकर जी की नित्य नियमानुसार विधिपूर्वक पूजा की गई ।

रहसि शान्तपदं ह्यधिगत्य यो
भृगुवरः सुसमाधिपरो मुनिः ।
अथ शुभः समयो मधुमासक–
स्तदपि भार्गवचेतसि शंकरः ।।४२।।

भृगुकुल में पूज्य महर्षि जमदग्नि आश्रम के एकान्त भाग में शान्त तपोभूमि प्राप्त करके जब समाधि में तल्लीन हुए । उस समय यद्यपि चैत्रमास (वसंततु का महीना) था तथापि महामुनि के मन में शिवेतर कोई अन्य विषय नहीं उठा ।

शुचि मनः शिवतत्त्वविचारकं
सततयोगसमाधिपरस्य यत् ।
नियम–सम्भृतसिद्धिधियो मुनेः
परशुभृज्जनकस्य यदैकदा ।।४३।।

जब योगस्थ परशुराम के पिता निरन्तर समाधि में संलग्न हो चुके थे तब नियम संयम के द्वारा आध्यात्मिक ज्ञान बुद्धिगत किये हुए उन महामुनि का पवित्र मन शिव-तत्त्व का सतत चिन्तन कर रहा था ।

वहति शीतलमन्दसमीरणे
मधुसुगन्धिनि वर्त्मनि सौख्यदे ।
धृतसमाधिरपश्यदसौ मुनिः
प्रियतमा–कृतकार्यमनार्यकम् ।।४४।।

उस समय जब शान्त एवं स्वच्छन्द पवन बह रहा था, मार्ग भी कल्याण-कारक एवं सुखद हो रहा था, तभी महामुनि ने अपने दिव्य नेत्र से अपनी पत्नी को कामपरक विकारों से युक्त देखा ।

सुरनदीं निकषा खलु जग्मुषी
द्रुतमहो सलिलाऽऽनयनाय सा ।
मम मखाग्नि – समर्चन – हेतवे
कथमियं वनिता कमिताऽभवत् ॥४५॥

मेरी पत्नी रेणुका यद्यपि देव-पूजन के लिए गंगा का जल लाने के लिए गई हुई थी किन्तु तो भी वह इस समय काम पीड़ित क्यों है ?

अथ च दिव्यदृशैव विलोकिता
मुनिवरेण तथाऽवगता सती ।
उपवने भ्रमरीव विलोभिता,
मिथुनचित्ररथेन मनोभुवा ॥४६॥

महर्षि जमदग्नि ने पुनः ध्यानयोग में स्थित होकर अपने दिव्यनेत्र से उसके असतीत्व को जान लिया कि वह कामरूप चित्ररथ के जोड़े के द्वारा निश्चय ही भ्रमरीवत् मोहित कर ली गयी है।

मुनिरसाववगत्य कथामिमां
दयितयाऽऽचरितं दुरितं च तत् ।
क-ितवान् स्वसुतान् कुरुत त्वरा,
कलुषितामचिरं हत रेणुकाम् ॥४७॥

महामुनि ने अपनी पत्नी-विषयक कथा को पूर्णतः जानकर तथा उसके द्वारा सतीत्व के प्रतिकूल किये गये दुराचार को समझकर अपने पुत्रों को आदेश दिया कि शीघ्र ही इस पापिनी रेणुका को मार डालो ।

सकलसूनव उग्र–पितुस्तथा,
विकृतरूपममुष्य विलोक्य ते ।
किमपि नो वचनन्तु बभाषिरे,
परशुभृन्न तदा च तदाश्रमे ॥४८॥

महर्षि जमदग्नि के क्रोधाविष्ट स्वरूप को देखकर परशुरामेतर तीनों पुत्र कुछ भी नहीं बोले । उस समय परशुराम आश्रम में उपस्थित नहीं थे ।

परशुधर्तुरथो गुरु–सेविनः
पितृवचःसु सदास्ति सुमानकम् ।
भवतु युक्तमयुक्तमथापि वा
गुरुवचस्तनुजेन सुपाल्यताम् ॥४९॥

पिता के परमभक्त परशुराम के लिए तो पिता के वचन ही प्रमाण थे क्योंकि- "पिता के उचित अथवा अनुचित वचनों का पुत्र द्वारा पालन किया जाय" यही उनका सिद्धान्त एवम् आदर्श था ।

परशुभृच्च तदा सहसाऽऽगतो
जनकपाद–सरोज–मधुव्रतः ।
अथ पिता स्वसुताय शुभाशिषं
वितरते स्म ददर्श सकौतुकम् ॥५०॥

सदैव परशुधारण करने वाले परशुरम सहसा वहीं आ गये तथा पिता के चरणकमलों में सिर झुकाकर प्रणाम किया एवं पिता ने अपने प्रियपुत्र को शुभाशीः प्रदान किया तथा साभिप्राय उसकी ओर देखा ।

ऋषिरसौ निजगाद रुषा सुतं
नहि चिरेण जहीति च रेणुकाम् ।
वचनमाश्रुतवांश्च भृगूद्वहः
स तु गिरीन्द्र इवाचलतां गतः ॥५१॥

तब महर्षि जमदग्नि ने अपनी पत्नी से सम्बद्ध अपराधजन्य क्रोधपूर्वक पुत्र परशुराम से कहा कि–रेणुका को शीघ्र मार दो । भृगुवंश में उत्कृष्ट चरित्रवान् परशुराम पिता के उक्त वचनों को सुनते ही क्षण भर के लिये हिमालय की भाँति निश्चलता को प्राप्त हुए ।

जनकवाचमसाववगत्य ताम्
अवचनीयतया वचसां पितुः ।
परशुराम इतः परशुं दधौ
पितृवचश्चरितुं च मनोऽकरोत् ॥५२ अ ॥

(दूसरे ही क्षण) उस परशुराम ने पिता की उस वाणी को प्रमाण या आदर्श मानकर तथा पितृवाक्य की निर्दोषपूर्ण गरिमा को समझकर एक ओर से शीघ्र ही फरसा उठाकर पिता जी की आज्ञा के अनुरूप कार्य करने के लिये मन बना लिया ।

पवनवेगकरेण तडिल्लता–
स्फुरणजन्मवता प्रहरिष्यता ।
बलवता निजमातृशरीरतः
परशुनाशु शिरः पृथगुद्धृतम् ॥५२ ब ॥

बिजली की चमक के समान स्फुरणशील पवन वेग से युक्त अपने बलवान् हाथ से प्रहार करते हुये शीघ्रता से फरसे के द्वारा काटकर अपनी माँ के शरीर से शिर को पृथक् कर दिया ।

समवलोक्य ततो दयितां मृतां
सुसुततां स्वसुतस्य महात्मनः ।
मुनिरसौ निजगाद निजात्मजं
प्रियवरञ्च वृणीष्व यदृच्छया ॥५३॥

उस महात्मा जमदग्नि ने अपनी पत्नी रेणुका को निश्चय ही मृतावस्था में देखकर तथा अपने पुत्र परशुराम की सुपुत्रता (सर्वश्रेष्ठ पितृभक्ति) को देखकर पुनः अपने पुत्र परशुराम से बोले कि अपनी इच्छानुसार अभीष्ट वर माँग लो ।

भृगुवरोऽचकथज्जनकं वचो
यदि भवेद् भवतां महती कृपा ।
वरमिमं मनसा वचसा वृणे
पुनरियं जननी मम जीवतात् ॥५४॥

भृगुवंश में श्रेष्ठ परशुराम ने भी मुनि जमदग्नि से यह वचन कहा कि यदि मुझ पर आपकी ऐसी कृपा है तो हे पितृ-महाभाग ! मेरी यह प्रार्थना है कि मेरी यह माता पुनः जीवित हो जाये ।

स तु तथेति जगाद मुनिस्तदा
बलमसौ प्रयुयोज च मान्त्रिकम् ।
परशुभृज्जननी च समुत्थिता
किमु तपःक्रियया भुवि दुर्लभम् ॥५५॥

तब महामुनि जमदग्नि ने परशुराम की मातृ-पितृ-भक्ति से प्रसन्न होकर 'एवमस्तु' कहा और रेणुका को जीवित करने के लिए मन्त्रशक्ति का प्रयोग किया, जिसके प्रभाव से परशुराम की माता रेणुका जीवित हो उठी। ठीक ही है– 'तपस्या से पृथ्वी पर कौन सा कार्य दुर्लभ है ।

पितुरहो महिमा जगतीतले
सकलया कलया प्रथितो महान् ।
भृगुकुलस्य शिरोमणिना तदा
निशितपर्शुभृता विनिर्दशितः ॥५६॥

सम्पूर्ण पृथ्वीतल पर सभी काव्यचित्रादि कलाओं के द्वारा पिता की महामहिमा प्रसिद्ध ही है जैसा कि पिता की महिमा को भृगुवंश के शिरोमणि एवं सर्वश्रेष्ठ परशुराम ने प्रत्यक्षतः प्रकट कर दिया ।

भृगोस्तनूजश्च्यवनश्चिरायुस्[1]
तदात्मजस्यौर्व ऋचीकनामा ।
तत्पौत्रवन्द्यो मुनिजामदग्न्यः
पित्रात्मजोऽयं ध्रुवमद्वितीयः ॥५७॥

महर्षि भृगु के पुत्र अत्यन्त दीर्घायु वाले च्यवन ऋषि हुये । उन च्यवन ऋषि के पुत्र आप्नवान ऋषि हुये एवं आप्नवान ऋषि के पुत्र और्व या ऋचीक नामक महर्षि हुये । ऋचीक के पौत्र अथवा जमदग्नि के पुत्र सभी के वन्दनीय भगवान् परशुराम निश्चय ही अपने पिता के बेजोड़ पुत्र हुए ।

(इति श्रीपरशुरामस्य पितृभक्ति–नामांशः)

[१. भृगु–च्यवन–दधीचि–ऋचीक–जमदग्नि–परशुराम इति परशुराम–पूर्ववंशावल्याः संक्षिप्तोऽयं क्रमः ।]

राजकृता श्रीपरशुराम-वन्दना

नमो वै श्रीजामदग्न्याय, जटामण्डलधारिणे ।
कमण्डलुधनुर्धर्त्रे, दु:क्षत्रियविनाशिने ॥५८॥

विष्णु के दशावतारों में पूजनीय ब्राह्मण कुल में अवतार ग्रहण करने वाले क्षत्रियवंश के विनाशक, जटा मण्डलधारी जमदग्नि के पुत्र परशुराम जी के लिए जो कमण्डलु और धनुष धारण किये हुये हैं, नमस्कार है।

भृगुवंशविशिष्टाय, तपसां निधये नमः ।
पितृभक्तवरेण्याय, भार्गवाय महात्मने ॥५९॥

भृगुवंशियों में विशेषता को प्राप्त, तपस्या के निधान तथा पितृभक्तों में सर्वश्रेष्ठ भगवान भार्गव परशुराम के लिए नमस्कार है।

शिवभक्तौ निमग्नाय, विप्राणां गौरवाय च ।
स्वयं शिवस्वरूपाय, नमो वै भस्मधारिणे ॥६०॥

शिवभक्ति में सतत निमग्न रहने वाले, ब्राह्मणों के गौरव, भस्मधारी स्वयं शिव-स्वरूप भगवान परशुराम के लिए निश्चय ही नमस्कार है।

क्रोधे रुद्रसदृक्षाय, भृगूणां प्रभवे नमः ।
विद्यातपोनिधानाय, परशूदग्रपाणये ॥३१॥

क्रोध में रुद्र के समान, भृगुवंशियों के पति, विद्या और तप के भण्डार, हस्ताग्र में परशुधारी श्री परशुराम के लिए नमस्कार हो।

नमः परशुरामाय, शिखासूत्रकधारिणे ।
प्रकृत्या चोग्ररूपाय, मौञ्जमेखलिने सदा ॥६२॥

शिखा यज्ञोपवीत एवं मूँज की मेखला को सदा धारण करने वाले, स्वभाव से ही उग्र प्रकृति वाले भगवान परशुराम के लिए नमस्कार है।

भृगूणां च कुले जातो, विद्यायास्तपसो निधिः ।
विष्णोरंशावतारोऽसौ वन्द्योऽयं भृगुकेतनः ॥६३॥

भृगुओं के वंश में उत्पन्न, विद्या और तप के निधि, जो विष्णु के अंशावतार हैं ऐसे वे भृगुध्वज, श्री परशुराम सर्वथा वन्दना के योग्य हैं।

नमस्ते भृगुचन्द्राय, रेणुकानन्ददायिने ।
धनुःपरशुहस्ताय, ब्रह्मणे दर्भपाणये ॥६४॥

भृगुकुल के चन्द्र, माता को जीवित कराकर उसे आनन्द देने वाले, हाथ में धनुष फरसा और कुश को धारण करने वाले हे परशुराम भगवान् के लिए हमारा नमस्कार है।

भो भृगुवर ! भृगुराज ! भृगुपते ! भक्त्या नमनं ते पदयोः
हे द्विजवर्य, ब्राह्मतेजोभी राज्ञां नाशक ! बलमदयोः ।
क्षयमानीतो राज्ञां वर्गः परशुधारया क्षणेन भोः,
तेजोनिधेस्तेजसां धातस्तेजो देहि विधातर्भोः ॥६५॥

हे भृगुवर ! हे भृगुराज ! हे भृगुपते तुम्हारे चरणों में हमारा भक्तिपूर्वक प्रणाम है। हे ब्राह्मण कुल में शिरोमणि अपने ब्रह्म तेज के द्वारा दुष्ट राजाओं के वल और मद के नाशक ! हे तेजोनिधे भगवन् आपने राजसमूह को अपने फरसे की धार से क्षणभर में नष्ट कर दिया, ऐसे हे तेजों के धारक हमारे विधाता ये परशुराम ! हमें तेज प्रदान करो।

त्वन्त्वस्माकं पाता भगवन्! तारक! हारक! नाथ ! विभो!
शिवभक्त्या गुरुभक्त्या नित्यं प्राप्तशस्त्रविद्यस्त्वं भोः।
निजभक्त्या त्वं पितृप्रसादक ! हत्वा निजजननीं च विभो !
पुनरपि जीवयिता मातुस्त्वं तपसा चार्जितयशः प्रभो!।।६६।।

हे भगवन् ! तुम ही हमारे रक्षक, तारने वाले तथा संहारक हो। शिवभक्ति तथा पितृभक्ति से तुमने शस्त्रविद्यायें प्राप्त की और तुम्हीं पित्राज्ञा पालनरूप भक्ति के द्वारा अपनी माता का वध्र करके अपने पिता को प्रसन्न करने वाले हो, एवं पुनः माता को जीवित कराने वाले भी आप ही हो, ऐसे हे प्रभो परशुराम आपने अपनी तपस्या से महत्तम यश अर्जित किया है।

वन्दे भृगुकुलकमलदिनेशं द्विजचन्द्रं पशुपति-भक्तम्,
चन्द्रचूडतः प्राप्तशस्त्रकं, शिवभक्तौ ध्यानासक्तम्।
गुरुपित्रोर्भक्तावामग्नं लग्नं क्षये क्षत्रियाणाम्,
धनयौवन-मत्तानां निधने, कार्तवीर्यनृपसदृशानाम् ।।६७।।

भृगुकुलरूपी कमल के लिए सूर्य, विप्रवंश के चन्द्रमा, शिवजी के भक्त, शिवजी से आयुध्र ग्रहण करने वाले तथा शिवभक्ति में सदा ध्यानमग्न रहने वाले भगवान् परशुराम की मैं वन्दना करता हूं। अपने गुरु महादेव तथा पिता महर्षि जमदग्नि की भक्ति में निरत, क्षत्रियों के विनाश में संलग्न, धन और वल के मद से मतवाले कार्तवीर्य जैसे राजाओं को आप ही नष्ट करने वाले हैं।

पुरा शिवस्य महिम्ना लोको लयानने सत्वरं प्रविष्टः,
तथैव निखिलः क्षत्रियवंशः परशुमुखे तत्क्षणं विनष्टः ।
भो भृगुवर त्वं शिव-स्वरूपो भक्त्या तपसा चार्जितवीर्यः,
सूर्यप्रभेव प्रचण्डं तेजोऽमुनैव विजितोऽसौ कार्तवीर्यः ॥६८॥

प्राचीनकाल में शिव की महिमा से जिस प्रकार सम्पूर्ण लोक प्रलय के गाल में समा गया था, उसी प्रकार यह सम्पूर्ण क्षत्रिय वंश आपके परशु मुख में तत्क्षण समाविष्ट हो गया । हे भृगुवर तुम साक्षात् शंकर के स्वरूप हो, तुमने भक्ति तथा तपस्या से महापराक्रम संग्रह किया । सूर्य की ज्योति के समान आपका अगाध तेज है । उसी से आपने कार्तवीर्यार्जुन को परास्त किया ।

हे भृगुवर! ते शरणप्रार्थिनो वयं समे त्वां नृपा नमामः,
स्वीयैर्बन्धुभिः समं वयं ते पदारविन्दे नता भवामः ।
हे द्विजराज ! सोमरूपस्त्वं खलहननत्वात्स पर्शु रामः,
महेन्द्रवासी तत इन्द्ररूपः प्राणप्रदाता स द्विजाभिरामः॥६९॥

हे भृगुवर ! हम तुम्हारी शरण के प्रार्थी राजा लोग तुमको प्रणाम करते हैं तथा अपने सभी बन्धु-बान्धुओं सहित हम तुम्हारे चरण कमलों में प्रणत हैं । हे विप्रराज भार्गव ! तुम साक्षात् चन्द्रमा की प्रतिकृति हो । दुष्टों का वध करने से राम नाम से पुकारे जाते हो । महेन्द्र पर्वतवासी होने से ऋद्धि सिद्धि रूप ऐश्वर्यों के स्वामी' साक्षात् इन्द्र रूप हो । 'मंत्रादि शक्ति से गजशीष देकर गणेश को तथा पित्राशीर्वाद से प्राप्त वरदान से' माता को प्राण दान करने वाले हो । एवम् ब्राह्मण समुदाय में आप सुशोभित लगने वाले हो ।

त्वया यदस्मै क्षितिपालवर्गाय विज्ञापितं ब्राह्मबलं समग्राय,
ततो न केनाऽपि च क्षत्रियेण, द्विजावमानं विहितं सुधर्माय ।
याचामहे त्वां वयमेव शरणं, क्षमां च कर्तुं क्षमोऽसि भगवन्,
त्वमेव चाजन्म हि ब्रह्मचारी, ब्रह्मस्वरूपस्त्वम्भो महात्मन् ॥७०॥

हे भगवन् आपने निश्चय ही हम सभी क्षत्रिय राजाओं के लिये ब्रह्मबल की सर्वाधिक शक्तिमत्ता किंवा स्वायत्त सत्ता को बतला दिया । अतः किसी क्षत्रिय के द्वारा कभी सुधर्म एवं स्वधर्म पालनार्थ ब्राह्मणों का अपमान नहीं किया जाय । हम सभी राजा लोग आपसे शरण की भीख मांगते हैं अतः हे भगवान् ! आप हमको सर्वथा क्षमा करने योग्य हो । आप आजन्म ब्रह्मचारी हो अतः 'ब्रह्मवद् आचरणं यस्येति ब्रह्मचारी' अथवा 'ब्रह्मविद् ब्रह्मैव भवति' इत्यादि शास्त्र - प्रमाणानुसार आप भी ब्रह्मरूप हो ।

भो भार्गव ! भृगुराज ! भृगूणां भाले चन्द्र इवावभासते,
भागीरथी–सलिलवच्छैत्य–त्वच्चरितेनाऽसुखं शाम्यति ।
भो भगवन् ! भवतैव दर्शितं ब्राह्मं तेजः कियद् बलीयः,
शौर्यादेरात्मनि संस्थापक ! ओजो वै ते महन्महीयः ॥७१॥

हे भार्गव ! भृगुवंशीय ऋषियों के मस्तक पर आप चन्द्र तुल्य शोभा पाते हो । गंगा जल के समान शीतल एवं पवित्र आपके चरित्र वर्णन से एवं कीर्तन से सारा दुःख किंवा सन्ताप शान्त हो जाता है । हे भगवन् ! आप ही के द्वारा 'ब्राह्मतेज कितना शक्तिशाली है ?' यह प्रदर्शित कर दिया गया ।

बालब्रह्मचार्यसि भो भगवन् ! प्रतिहततेजोऽखिलभूपालः,
भीष्मपितामहसुभटैस्सार्धं जित्वा युद्धं विजितनृपालः ।
हे द्विजराज! तावकी भक्तिर्भीतजनेभ्यो मुक्तिदायिनी,
भो द्विजपाल ! दीयतां शरणं भावत्कीयं कृपाभाविनी ॥७२॥

हे भगवान् ! आप बालब्रह्मचारी हैं आपने अपने इसी ब्रह्मचर्य के तेज से राजाओं को हतप्रभ या तेजोहीन कर दिया। हे समस्त राजविजेता ब्रह्मन् ! आपने भीष्मपितामह जैसे महारथी योद्धाओं से युद्ध करके विजय प्राप्त की। हे ब्राह्मणराज आपकी भक्ति भयभीत लोगों के लिये अभयदान देने वाली है हे द्विजपालक आप हमें भी शरण प्रदान करें क्योंकि आपकी महती कृपा हमारी वृद्धि करेगी। (ऐसा हमें विश्वास है।)

न केवलस्त्वं द्विजोऽसि भगवन्! शूरोऽसि शूराणामग्रयायी,
परशुस्त्वदीयोऽस्ति महाप्रभावः क्षत्र–क्षितीशानां मूर्ध्निशायी ।
अस्मत्कृते श्रीमन्तो भवन्तो विधयो भवन्तीति वयं विधेयाः,
कृतापराधा यदि ते भवामो नूनं कृपैषा भवता विधेया ॥७३॥

हे भगवन् ! आप ब्राह्मण मात्र ही नहीं हैं, अपितु शूरों में अग्रगण्य होने से आप महाशूर हैं। आपका यह फरसा बड़ा प्रभावी है, जो क्षत्रिय राजाओं के मस्तक पर शयन करने वाला है। हे भगवन् ! हमारे भाग्यविधाता अथवा विधान के निर्माता आप ही हैं, और हम आपके शासन का पालन करने वाले अथवा सेवक हैं। यदि हमसे कोई अपराध बन गया हो तो निश्चय ही उसे क्षमा करने की आपके द्वारा कृपा की जाय।

हे परशुराम! हे परशुधार ! ते परशोर्धारा निशिताऽऽस्ते,
ते परशुधारपारावारे गम्भीरेऽरयो निमग्नास्ते।
अयि विप्रेश ! रक्षसां हन्ता कार्तवीर्य–भुजछेत्ताऽसि,
ह्युचितानुचितपितृवचसामपि पालनसीमाक्रान्ताऽसि ॥७४॥

हे फरसे की धार वाले भगवन् परशुराम ! आपके फरसे की बड़ी तीक्ष्ण (तेज) धार है। आपके फरसे की धार रूपी गम्भीर समुद्र में सभी शत्रु डूब गये। हे ब्राह्मणों के स्वामी आप राक्षसवृन्द के हन्ता हो तथा कार्तवीर्य सहस्रार्जुन की भुजाओं को काटने वाले हो। पितृभक्ति की पराकाष्ठा के आप सर्वश्रेष्ठ निदर्शन हो क्यों कि पितृवचनों के पालन में उचितानुचित का विचार न कर आपने पिताज्ञा पाली। अतः सर्वश्रेष्ठ पितृभक्त कहलाये।

त्वत्कण्ठगाम्भीर्य – सुपूर्णनादाद्
भयान्महीपाः परिकम्पमानाः ॥
गुञ्जायमाना हि दिशः समस्ता
द्विपा दिगीशा निखिलाः सभीताः ॥७५॥

हे भगवन् ! आपके कण्ठ की गम्भीरता पूर्ण कठोर गर्जन से ये सभी राजा लोग भयभीत होकर कांपने लगे एवं उसी से सभी दशों दिशायें गूंजने लगीं तथा सभी दिग्गज एवं दिग्पाल भी भयभीत हो गए।

याः गर्भवत्यो वनिताः धरायां
वोढुं स्वगर्भान्नहि ताः समर्थाः।
त्वद्घोरचापस्य सुतीव्रनादाद्
भीताः वयं त्वां क्व विहाय यामः ॥७६॥

हे भगवन् ! आपके भीषण धनुष की भयावह टंकार से गर्भवती अबलायें कांपती हुई अपने गर्भों को धारण करने में सक्षम नहीं रह सकीं। डरे हुये हम लोग भी अब आप को छोड़कर कहाँ जायें अर्थात् आपके ही शरणागत हैं।

त्वमेव भूमन् ! प्रलयङ्करोऽसि
धरातले क्षत्रमहीपतीनाम् ।
कृतापराधाश्च वयं समस्ता
अतो वयं त्वां सततं नमामः ॥७७॥

हे भगवन् ! परशुराम ! तुम्हीं हमारे विधाता हो तथा तुम्हीं हम सभी क्षत्रिय राजाओं के संहारक हो । हम सब राजा आपके अपराधी हैं अतः हम आपको निरन्तर प्रणाम करते हैं ।

जामदग्न्यराम–चापस्य दाशरथिरामेणाऽऽरोपणम्–

स एव रामो भृगुवंशमौलिः
सम्प्राप्य वैदेहपुरीं समृद्धाम् ।
उवाच रामं रघुनन्दनं तं
हे राम ! चापं हि गृहाण मे त्वम् ॥७८॥

उस भृगुवंश में श्रेष्ठ परशुराम वैभवशालिनी मिथिला में धनुर्यज्ञ में आकर राम से इस प्रकार बोले कि हे राम ! तुम मेरे इस धनुष को ग्रहण करो ।

स्वबाणमादाय निषंगकोषात्
सशिञ्जिनीकं कुरु कार्मुकं मे ।
स्वशौर्य – सामर्थ्ययुतं बलं स्वं
संदर्श्यतां संसदि भूपतीनाम् ॥७९॥

अपना बाण मेरे धनुष पर रखकर इस मेरे धनुष को चढाइये तथा अपने पराक्रम से युक्त सामर्थ्य वाले बल को आप हमें दिखलाइये ।

आकर्ण्य वाक्यं भृगुपुङ्गवस्य
शरासनं स्वीयशरेण सद्यः ।
प्रायोजयत् साधु विदेहधाम्नि
रामः सभायामिव शम्भु–चापम् ॥८०॥

भृगुकुल में सर्वश्रेष्ठ श्रीपरशुराम के वाक्य को सुनकर अपने बाण से दाशरथी राम ने तत्काल ही परशुराम के धनुष को शिवचाप की तरह चढ़ा दिया ।

व्यक्तीकृतं यद्यदहो स्वतेजस्
तत्तद् गृहीतं रघुनन्दनेन ।
श्रीभार्गवो वैष्णवधाम दृष्ट्वा
सन्तुष्टचेताः स्तवनं व्यतानीत् ॥८ ॥

उस रघुकुल के पुत्र राम ने अपना महातेज इस प्रकार प्रकट किया जो परशुराम से ग्रहण किया था । परशुराम ने भी वैष्णव धाम के दर्शनकर सन्तुष्टचित्त हो (विष्णु की) स्तुति प्रारम्भ की ।

भूयो भृगूणां कुल – भूषणेन
प्राप्तं च तत्तेज इवात्मशक्त्या ।
नद्यः समुद्रेऽम्बु समर्प्य लोकाः
दानाद् वसूनीव पुनर्लभन्ते ॥८२॥

भृगुकुल के भूषण परशुराम को आत्मशक्ति से मानो अपना ब्रह्मतेज निश्चित रूप से वैसे ही प्राप्त हो गया जैसे नदियाँ समुद्र को अपना जल समर्पित कर या लोग दान के पश्चात् रत्नों को पुनः प्राप्त कर लेते हैं ।

(इति 'राजकृता श्रीपरशुराम–वन्दना' नामांशः)

द्वापरे द्विजपती रामः

कर्णस्याऽऽयुध-प्रशिक्षणम्

समागतः सूर्यमिवातपन्तं
भृग्वन्ववायं परशुं दधानम् ।
सर्वायुधज्ञान–सुशिक्षणार्थं
शिष्यत्वमापत् किल तस्य कर्णः ॥८३॥

तपस्या करते हुये महर्षि परशुराम के समीप कर्ण का आगमन हुआ। सूर्य के समान भ्राजमान तथा सम्पूर्ण आयुधों का ज्ञान प्राप्त करने हेतु सूतपुत्र कर्ण शिष्यत्व को प्राप्त हुआ।

ततो गुरोस्तेन समस्तविद्या
मन्त्रप्रयोगाः विविधायुधानाम् ।
पुत्रेण सूतस्य परिश्रमेण
मुनेरधीता जमदग्निपुत्रात् ॥८४॥

उसके पश्चात् जमदग्नि पुत्र महर्षि परशुराम से उस सूतपुत्र कर्ण ने समग्र विद्यायें शस्त्रों-मंत्रों की प्रयोग विद्या प्राप्त कर ली।

भेजे महात्मानमचिन्त्यशक्ति
स सूतपुत्रो भृगुवंशरत्नम् ।
सुशिष्ट–शिष्येण विशिष्टभक्त्या
प्रसीदतः शासितुराप्यतेऽर्थः ॥८५॥

उस शिष्य के रूप में सूतपुत्र कर्ण ने भृगुवंश में श्रेष्ठ महात्मा परशुराम की यथार्थतः सेवा की । नितान्तशालीन विशेष भक्तिपूर्वक विनम्र शिष्य के द्वारा ही प्रसन्न हुए गुरु से विद्यार्थ प्राप्त किया जाता है ।

दृष्ट्वा विनीतं द्विजरूपिणं तम्
अध्येतुकामं रणशस्त्र–विद्याम् ।
सुपात्रदत्तेव कृतार्थविद्या
प्रादीयताऽस्मै गुरुणा द्विजानाम् ॥८६॥

अति विनम्र ब्राह्मण रूपधारी श्रेष्ठ शिष्य कर्ण को महर्षि परशुराम ने जब सुपात्र एवं अधिकारी शिष्य समझा तब सुपात्र शिष्य को दी गयी सार्थक फल-वाली विद्या के समान समस्त विद्यायें ब्राह्मणों के आचार्य परशुराम के द्वारा उस कर्ण के लिए प्रदान की गई ।

अध्यापयञ्छस्त्रविधिं स रामो
यच्चैवमस्त्रं शिवतोऽध्यगच्छत् ।
तदेव दिव्यास्त्रमदादजेयं
सूतस्य पुत्राय सुकर्णनाम्ने ॥८७॥

विप्रवृन्द में विशेष, ब्राह्मण समुदाय के स्वामी उस महर्षि परशुराम ने जो शिवजी से शैवास्त्र प्राप्त किया था, वही शैवास्त्र उस सूतपुत्र कर्ण के लिए परशुराम ने दे दिया ।

महर्षेः परशुरामस्य कर्णं प्रति शापवृत्तम्--

स्वशिष्य--भक्तिं द्विजराजरामो जिज्ञासमानो मुनिराड् यथार्थम् ।
निधाय मूर्धानमयं प्रसुप्तः कर्णस्य चोरूस्थलमन्तरा वै ॥८८॥

ब्राह्मणों के राजा भगवान् परशुराम अपने शिष्य कर्ण की गुरुभक्ति की यथार्थतः परीक्षा लेने की इच्छा करते हुये अपने शिर को कर्ण के जघनस्थल के बीच में रखकर सो गये ।

कर्णस्य वामजघनं दशति स्म कीटो
रक्तप्रवाहसरणिः प्रसृता पृथिव्याम् ।
पृष्ठेऽनुभूतममुना गुरुणा द्विजानां
तोयं कवोष्णमथवा क्षतजं मदङ्गे ॥८९॥

उस समय कर्ण के बाँये जंघा को एक कीड़ा ने काट लिया (जिस समय उसके गुरुजी परशुराम उसी की जाँघ पर सिर रखकर सो गये थे) तभी उसकी जाँघ की रक्तधारा प्रवाहित होने लगी जिसे परशुराम जी ने मन्दोष्ण जल की सी आर्द्रतापूर्ण उष्णता अनुभव की ।

प्रोवाच शिष्यमनघं विमृशन् विवेकी
पीडासहो भवति नैव किलाग्रजन्मा ।
त्वं क्षत्रियः कठिनसंगर--पण्डितोऽसि
जातिच्छदाश्वधम कर्ण! फलं लभस्व॥९०॥अ॥

तब ज्ञानी परशुराम ने शिष्य कर्ण से कहा कि ब्राह्मण इतना कष्ट सह नहीं सकता, तुम कठोर संग्राम चतुर के क्षत्रिय हो । जाति को छिपाने वाले हे नीच कर्ण तुम इसका फल शीघ्र पाओगे ।

अस्मद् गृहीतं खलु शस्त्रशास्त्रं
प्रहारसंहारविधौ च मन्त्राः।
त्वया प्रयुक्ता विफलीभवन्तु
शपे करेणास्त्रधरेण कर्ण ! ॥९०॥ब॥

हे कर्ण ! शस्त्र धारण किये हुये हाथ से मैं तुम्हें शाप देता हूँ कि प्रयोग के समय, मुझसे प्राप्त सभी शस्त्रास्त्र विद्या तथा प्रयोग और उपसंहार विधि के मन्त्र निष्फल हो जाये।

कुरून् प्रति श्रीपरशुरामोपदेशः —

यथैकदा श्रीहरिणा कुरुभ्यो
निष्पक्षभावेन मतिः प्रदत्ता।
पक्षद्वयस्यैव सुपथ्ययुक्ता
श्रीभार्गवेणाऽपि दिशा प्रदिष्टा ॥९१॥

एक बार भगवान् श्रीकृष्ण ने जिस प्रकार पाण्डवों का दौत्यकर्म करके कौरवों के अधिपति दुर्योधन को निष्पक्षभाव से समझाया उसी प्रकार भगवान् परशुराम ने भी दोनों पक्षों के लिए हित से युक्त निर्देश दिये (तथा दुर्योधन को विशेष रूप से युद्ध न करने के लिये तथा उसके भाई पाण्डवों का दायभाग न्याय-पूर्वक देने के लिए अनेक प्रकार से उपदेश दिया ?।)

अम्बायां श्रीपरशुरामानुग्रहः —

याऽम्बेति कन्या परिणेतुकामा
धृतव्रतं भीष्मभधीरभावा।
नाङ्गीकृता सा मधुरैर्वचोभिर्
आजन्म वर्णिव्रतधारिणा वै ॥९२॥

अम्बा नाम की कन्या, विवाह न करने का व्रत धारण किये हुए महर्षि भीष्म से विवाह करना चाहती थी। अनेक मधुर वचनों से अम्बा द्वारा निवेदन किये जाने पर भी अम्बा को आजन्म ब्रह्मचारी भीष्म ने स्वीकार नहीं किया।

१—महाभारत काव्यम्–५/९४

वने वने व्यालघने चचार
चिन्ताकुला चेतसि दूयमाना ।
पितामहात् प्राप्य च होत्रनाम्नः
सत्प्रेरणां राममुपागता सा ॥६३॥

मन में दुःखित एवं चिन्तायुक्त वह अम्बा वन-वन में अत्यधिक घूमी । पितामह होत्रह्वान से ही सत्प्रेरणा पाकर वह अम्बा परशुराम की शरण में पहुँची थी ।

रामस्य चित्तेऽपि विलोक्य बालां
भावो दयाया उदभूच्च तस्याम् ।
दशां निरीक्ष्याऽऽकुलमानसायाः
पपृच्छ रामो धुरि दुःखहेतुम् ॥६४॥

श्री परशुराम के भी हृदय में उस कन्या को देखकर दया का भाव उत्पन्न हो गया और उस व्याकुल बाला की दशा को देखकर श्रीपरशुराम ने उसके दुःख का कारण पूछा ।

गाङ्गेय–पत्नीत्व–समीहमाना
रामं तदोवाच मनोव्यथां सा ।
सा प्रार्थना तेन समर्थिताऽभूद्
दूने विपन्ने द्रवते दयालुः ॥६५॥

भीष्म की पत्नी बनना चाहती हुई उस अम्बा ने परशुराम से अपनी मनोव्यथा को बतलाया, तब उस भार्गव परशुराम ने भी उसकी भावना का समर्थन किया । ठीक भी है दयावान् पुरुष दुःखित व्यक्ति पर द्रवित हो ही जाया करता है ।

अम्बां समाश्वास्य कुठारपाणिः
सरस्वती – तीरमुपागतोऽसौ ।
रामः समाहूय तदा नदीजं
प्राबोधयत् किन्तु स नानुमेने ॥९६॥

उस कुठारपाणि भगवान् परशुराम ने अम्बा को उसके निवेदन के अनुसार सान्त्वना देकर सरस्वती नदी के तट पर प्रस्थान किया। वहीं पर परशुराम ने भीष्म को बुलाकर अम्बा से विवाह करने के लिए अत्यधिक समझाया किन्तु वे भीष्म अनेकधा समझाये जाने पर भी उनके मत से सहमत नहीं हुये।

गुरुर्गुरूणां भृगुराजपुत्रो
शेषाम्बरीषज्वलदङ्गयष्टिः।
उत्थाप्य शैवं धनुरस्त्रजालै-
रायोधनं तेन चकार भीमम् ॥९७॥

भृगुवंश के श्रेष्ठ कुमार परशुराम भगवान् गुरुओं के भी गुरु भीष्मपितामहादि महारथी राजाओं के भी गुरु थे। जमदग्नि के पुत्र परशुराम ने शैव धनुष उठाकर भीष्म से भयंकर युद्ध किया।

द्वाविंशतिं घोरतमं दिनानां
रामस्य भीष्मेण बभूव युद्धम्।
तत्रागता वै पितरोऽनुनेतुं
सम्मेलने सत्पुरुषा यतन्ते ॥

बाइस दिनों तक श्रीपरशुराम का भीष्म से युद्ध हुआ, वहाँ उनको समझाने मनाने के लिए पूर्वज लोग आये। सज्जन पुरुष विघटित लोगों के मिलाने का प्रयास करते ही हैं

(अथवा)

विंशत्यहानि खलु युग्मदिनं तथैव
रामस्तु शान्तनुसुतेन रणं चकार ।
प्रापुस्तयोरनुनयाय च पूर्वजा ये
सम्मेलनाय किल सत्पुरुषा यतन्ते ।।९८।।

श्री परशुराम एवं भीष्म का बाईस दिन तक युद्ध चला । उन दोनों के युद्ध को रोकने के लिए अर्थात् उन्हें मनाने हेतु उनके पितरगण भी वहाँ पधारे । ठीक भी है सज्जन लोग विघटित हुए भद्रजनों को मिलाने का प्रयत्न किया ही करते हैं ।

पितॄणामुद्योगाद् व्यरमत रणात् शान्तनुसुतः
धनुर्बाणांस्त्यक्त्वा गुरुचरणपद्मेषु विनतः ।
प्रसीदन् श्रीरामो निजनियमपालाय सततं
ददावाशीर्वादं कठिनकरुणात्मा भृगुपतिः ।।९९।।

पितृगण के प्रयास के द्वारा भीष्म युद्ध से विरत हो गये तथा धनुष और बाणों को छोड़कर अपने पूज्यपाद गुरुदेव श्री परशुराम भगवान् के चरण कमलों में नतमस्तक हो गए । परिणामतः अपने नियम पालन में सतत दृढ़व्रती भीष्म से प्रसन्न होते हुए, (वज्र से भी) कठोर तथा (कुसुम से भी) कोमल अथवा करुणा से परिपूर्ण हृदय वाले भृगुकुल के रक्षक महर्षि परशुराम ने (अपने शिष्य) भीष्म को शुभाशीर्वाद दिया ।

महेन्द्राद्रौ राजंस्तपसि निरतो ध्यातगिरिशः
पितुर्ह्याज्ञाकारी शितपरशुधारी भृगुपतिः ।
निहन्ता भूपानां धनबलमदैर्दुष्टमनसां
सदा दीव्यद्वक्त्रो हतसकलशत्रुर्विजयते ।।१००।।

महेन्द्राचल पर सुशोभित होते हुए, तपश्चर्या में संलग्न, भगवान् शंकर का ध्यान करने वाले, तीक्ष्ण परशु को धारण करने वाले, भृगुपति परशुराम ने पिता की कठोर आज्ञा को पाला । तथा धन बल के मद से कलुषित हृदय वाले राजाओं का वध करने वाले एवं सदैव देदीप्यमान मुखमण्डल वाले, सकल शत्रु-हन्ता भगवान् परशुराम की सर्वथा जयजयकार है अर्थात् उन्हें बारम्बार नमस्कार है ।

(इति द्वापरे द्विजपती रामः)

श्रीमद्भगवत्परशुरामविजयशतकस्य

पाठ-माहात्म्यम् :-

ये ध्यायन्ति पठन्ति नित्यमनिशं पद्यानि संख्याशतं
ब्राह्मे धाम्नि परत्र यान्ति परशुध्याबाख्य रामोत्तरम् ।
सर्वे वेदविदो भवन्ति च जनास्ते चात्र तेजस्विन:
सर्वे सत्पुरुषा भवन्ति भुवि ते स्वर्गस्य संस्थापका:।।१०१।।

जो लोग सौ संख्या वाले इन पद्यों (श्रीमद्परशुराम-विजयशतकम्) का नित्यप्रति ध्यान करते हैं अथवा पाठ करते हैं, वे परलोक में ब्रह्मधाम को पाते हैं और इस भूलोक में वे सत्पुरुष वेदों के ज्ञाता तथा तेजस्वी बनकर पृथिवी पर स्वर्ग की स्थापना करने वाले हो जाते हैं ।

परशुरामकृतिस्तु सुधेन्दुना
विरचिता कृपया गिरिजापते: ।
गुरुकृपाऽपि तु चाऽत्र महीयसी
रचयितुं क्षमता क्व जडे मयि ।।१०२।।

यह श्री परशुरामशतक नामक कृति 'सुधेन्दु' उपनामा डा० अमियचन्द्र शास्त्री द्वारा गौरीपति भगवान् शिव की कृपा से रची गयी है, इस कार्य में श्री गुरुदेव के चरणों का भी प्रसाद बड़ा महत्वपूर्ण है, अन्यथा मुझ जड़मति में इसे रचने की सामर्थ्यं कहाँ थी ? ।

कवि-परिचयः —



डा. अमियचन्द्रशास्त्री सुधेन्दुः

एम. ए. पी-एच. डी.

जन्मतिथिः —७ जनवरी १९४५ ई.

जन्मस्थानम्—ग्रा. तुलागढ़ी, पो० राजागढ़ी (मथुरा)

शिक्षास्थलम्—(i) राजागढ़ी (मथुरा), (ii) मुरसान (अलीगढ़म्), (iii) कानपुरम्, (iv) आगरा

कार्यस्थलम्—प्रवक्ता—हिन्दू इण्टर कालेज कोसीकलाँ मथुरा

कृतित्वम्—

१— श्रीमद्भगवत्परशुरामविजयशतकम् (काव्यम्)
सर्वेऽधिकाराः लेखकाऽधीनाः

२— संस्कृत नाट्य में करुणरस (शोधप्रबन्ध)

३— पाणिनीय-शिक्षा (व्याख्या, सम्पादनम्)

४— शिवराजविजयः, ८मनिश्वासः (,, ,,)

५— बुद्धचरितम्, तृतीयः सर्गः (,, ,,)

६— हलन्तप्रकरणम् (व्याख्या, सम्पादनञ्च)

(i) पारिजातम्—संस्कृताऽमृतम्—प्रभृतिपत्रिकासु शोधात्मकलेख-काव्यादि-प्रकाशनम्

(ii) डी. लिट् हेतु पञ्जीकृत 'रामायण—महाभारत एवं श्रीमद्भागवत में रसाभिव्यक्ति' : एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

अंशुमद्ग्रन्थमालायाः विशिष्टानि पुष्पाणि

१.	नैषधीय-चरितम्, व्याख्यासहितम् (प्रथमः सर्गः)	१२.५०
२.	नैषधीयचरित : एक अध्ययन	५.२५
३.	आर्षकाव्य एवं प्रकृति	७०.००
४.	किरातार्जुनीयम्, व्याख्यासहितम् (प्रथमः सर्गः)	४.८०
५.	संस्कृतदिग्दर्शिका—प्रकाशः	२.५०
६.	संस्कृतपरिचायिका—प्रबोधः	१.६०
७.	वैदेशिकाः गीर्वाण्युपासकाः	४.००
८.	संस्कृते नाट्य-सौष्ठवम्	६.५०
९.	नैषधीय-चरित का अभिनव समीक्षात्मक एवं व्याख्यात्मक अध्ययन	४०.००
१०.	नैषधीयचरित-विमर्श	१६.००
११.	संस्कृत-नाटकसाहित्य : विवेचनात्मक अध्ययन (विस्मृतिपटल)	३५.००
१२.	चरण-शरण-स्तोत्र-काव्यम्, मूलमात्रम् (पुरस्कृतम्)	५.००
१३.	,, ,, ,, ,, (अर्थसहितम्)	(मुद्रणालये)
१४.	लेखोक्ति-लहरी	५.००
१५.	कथा-सप्तकम्	४४.००
१६.	आधुनिक-सन्दर्भे कालिदासः	८.००
१७.	रतना के राघ (हिन्दी-खण्डकाव्य)	३०.००
१८.	हास-विलासः (संस्कृत-हास-व्यंग्य-रचना)	३०.००
१९.	दशमस्त्वमसि	२५.००
२०.	श्रीनेहरू-चारुचर्चा	५.००
२१.	यन्त्रसर्वस्व के वैमानिक-प्रकरण का विवेचनात्मक अध्ययन	(मुद्रणालये)
२२.	वामनावतरणम् (महाकाव्य)	,,
२३.	मानसी (अभिनव-संस्कृत-कथा)	,,
२४.	अठारह सौ सत्तावन (हिन्दी महाकाव्यम्)	५०.००
२५.	श्रीमत्परशुरामविजयशतकम् *	२५.००
२६.	कथा-विशेषांकः (पारिजातम्)	१०.००
२७.	रूपक-विशेषांकः (,,)	१०.००
२८.	शोध-समीक्षा-विशेषांकः (,,)	१०.००
२९.	संस्कृतपत्रकारिता-विशेषांकः (,,)	१०.००
३०.	संस्कृतलोकगीतविशेषांकः (,,)	१०.००

माध्यमिक-स्नातक-परास्नातक-छात्राणां कृते अत्यन्तोपयोगिग्रन्थानां समुत्कृष्ट-शोधप्रबन्धानाञ्च प्रकाशनस्य अद्वितीयं सहकारिसंस्थानम् । संस्कृतसाहित्य-हिन्दी-साहित्यदर्शनशास्त्रप्रभृतिविषयकपुस्तकानां प्राप्तिस्थानञ्च ।

शिक्षक-प्रकाशनम् १०५/१९४ प्रेमनगरम्, कानपुरम्

*** प्राप्तिस्थानम्—मणिकुटीरम्, बाईपास, कोसीकलाँ (मथुरा)**